भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 600
उत्तर देने की तारीख 23 जुलाई, 2025

ग्रामीण भारत में इंटरनेट और वाई-फाई संपर्क सुविधाएं

600. श्रीमती विजयलक्ष्मी देवीः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने किसानों के लाभ के लिए देश के सभी गांवों में इंटरनेट और वाई-फाई संपर्क की सुविधा उपलब्ध कराई है ताकि वे कृषि क्षेत्र के बारे में अपना ज्ञान बढ़ा सकें और कृषि क्षेत्र में नए विकास के बारे में लगातार जानकारी प्राप्त कर सकें;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपाय/कार्रवाई की गई है/की जा रही है; और

(ग) यदि नहीं, तो देश के सभी गांवों में इंटरनेट और वाई-फाई सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) सरकार 4जी सैचुरेशन परियोजना के अंतर्गत देश के ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में 4जी मोबाइल टावरों की संस्थापना के माध्यम से इंटरनेट सुविधाओं के विस्तार के लिए डिजिटल भारत निधि के तहत विभिन्न स्कीमों का कार्यान्वयन कर रही है। इसके अतिरिक्त, भारतनेट परियोजना का कार्यान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है ताकि मांग के आधार पर सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और गांवों को वाई-फाई हॉटस्पॉट, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन आदि जैसी ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जा सके।

इसके अतिरिक्त वाई-फाई प्रसार में सुधार करने के लिए सरकार ने पीएम-वाणी स्कीम शुरू की है जिसका उद्देश्य देश में सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करके किसानों सहित आम

जनता के लिए इंटरनेट सेवाओं के प्रसार में तेजी लाना है। दिनांक 30.06.2025 की स्थिति के अनुसार देश में 3,33,300 पीएम-वाणी वाई-फाई हॉटस्पॉट संस्थापित किए गए हैं।

*****